1. साल 2016 में 19 वाँ सार्क (SAARC) सम्मेलन का मेज़बान राष्ट्र कौन है ?
   (A) नेपाल
   (B) श्रीलंका
   (C) पाकिस्तान
   (D) अफ़गानिस्तान

2. हमारे केंद्रीय गृह मंत्री कौन हैं ?
   (A) अरुण जेटली
   (B) सुषमा स्वराज
   (C) राजनाथ सिंह
   (D) वेंकय्या नायडू


3. ओलीम्पिक खेलों में स्वर्ण पद विजेता को कितनी राशि का प्रावधान हरियाणा में किया गया है ?
   (A) चार करोड़
   (B) तीन करोड़
   (C) पाँच करोड़
   (D) छ: करोड़

4. किस साम्राज्य का तुंगभद्रा नदी ने सम्पोषण किया ?
   (A) चोला
   (B) विजयनगर
   (C) वकाटका
   (D) पांड्या

5. इनमें कौनसी आम बात थी ?
   (i) जी. डी. बिर्ला
   (ii) अंबालाल साराभाई
   (iii) वालचंद हिराचंद
   (A) वे भारत के सामाजिक आंदोलन के प्रमुख सदस्य थे
   (B) वे भारतीय उद्योगपति थे
   (C) वे राष्ट्रवादी नेता थे
   (D) ऊपरी सभी

6. रणदीप हुड्डा की ख्याति किस विधा के कारण है ?
   (A) सांग परम्परा
   (B) अभिनय
   (C) खेलकूद
   (D) समाज सेवा

7. राजू ने पश्चिम की ओर चलना आरम्भ किया। वह दाहिनी ओर मुड़ा, फिर दाहिनी ओर और आख़िर में बायीं ओर मुड़ा। अब वह किस दिशा में चल रहा है ?
   (A) उत्तर
   (B) दक्षिण
   (C) पश्चिम
   (D) पूर्व



8. यदि LOSE को कूट में 1357 और GAIN को 2468 लिखा जाता है, तो 84615 संख्या क्या दर्शाएगी ?

(A) NAILS

(B) SNAIL

(C) LANES

(D) SLAIN

हरियाणा में शीतकाल में औसत तापमान रहता है

(A) 7°C

(B) 12°C

(C) 15°C

(D) 20°C

कुछ समीकरणों को कुछ निश्चित प्रणाली से सुलझाया जाता है। उस प्रणाली से ही न सुलझाये समीकरण का सही हल ढूंढिए।

$5 \odot 3 = 12, 8 \odot 6 = 6, 7 \odot 11 = 2,$

$4 \odot 9 = ?$

(A) 3

(B) 5

(C) 7

(D) –7

श्रृंखला में निम्न में से कौनसा शब्द अगला होगा ?

ZUA, XOC, VIE, TEG, ?

(A) RAJ

(B) SAG

(C) RAI

(D) RAG

12. हरियाणा साहित्य अकादमी का मुख्यालय कहाँ है ?

(A) गुड़गाँव

(B) रोहतक

(C) अम्बाला

(D) चण्डीगढ़

13. यदि CONGREGATION शब्द में पहला और तीसरा अक्षर आपस में बदला जाता है और उसीप्रकार दुसरा और चौथा अक्षर, पाँचवा और सातवा अक्षर और आगे भी आपस में बदले जाते हैं, तो बायीं ओर से गिनती करने से आठवां अक्षर कौनसा होगा ?

(A) R

(B) T

(C) E

(D) G

14. एक परीक्षा में पास होने के लिए 40% पूर्णयोग अंक प्राप्त करने आवश्यक होते है। एक विद्यार्थी 265 अंक पाता है और उसे 55 अंक कम मिलने से फेल घोषित किया जाता है। उस परीक्षा में विद्यार्थी कित अधिकतम पूर्णयोग अंक प्राप्त कर सकता है ?

(A) 800

(B) 750

(C) 650

(D) 850

15. कृषि नेतृत्व शिखर सम्मेलन - 2015 किस स्थान पर आयोजित हुआ ?

(A) करनाल

(B) चण्डीगढ़

(C) पंचकुला

(D) गुड़गाँव

16. यदि $x^2-y^2=56$ है, $x-y=2$ है, तो $x+y=?$

(A) 30

(B) 28

(C) 26

(D) 29

17. यदि $2x=3y$, $3y=5z$ है, तो $x:z=?$

(A) 2 : 5

(B) 3 : 4

(C) 5 : 2

(D) 5 : 3

18. पं. लखमीचन्द सांगी ने गुरु रूप में किसकी स्तुति की है ?

(A) मानसिंह

(B) पं. मांगेराम

(C) बाजे भगत

(D) पं. दीपचन्द

19. एक वृत्त का व्यास 14 से.मी. है। वहाँ एक आयत है, जिसका क्षेत्रफल वृत्त के क्षेत्रफल से आधा है और उस आयत की लम्बाई 11 से.मी. है। उस आयत की परिधि पता कीजिए।

(A) 36 से.मी.

(B) 30 से.मी.

(C) 48 से.मी.

(D) 154 से.मी.

20. एक ट्रेन ने अपने निश्चित संख्या के यात्रियों के साथ स्टेशन छोड़ा। पहले स्टेशन पर आधे यात्री उतर गये और 135 यात्री दाखिल हुए। दूसरे स्टेशन पर $\frac{1}{3}$ यात्री उतरे और 110 यात्री दाखिल हुए। बाद में 350 यात्रियों के साथ ट्रेन अपने सफर पर निकल पड़ी। आरम्भ में ट्रेन में कितने यात्री थे जब उसने स्टेशन छोड़ा ?

(A) 1200

(B) 1600

(C) 450

(D) 600

21. पेट या शरीर के बाकी आंतरिक भागों का परीक्षण करने के लिए उपयोग होनेवाली तकनीक एंडोस्कोपि इस तथ्य पर आधारित है

(A) संपूर्ण आंतरिक प्रतिबिम्ब

(B) हस्तक्षेप

(C) विवर्तन

(D) ध्रुवीयकरण

22. टांगरी नदी का उद्गम स्थल कहाँ है ?

(A) यमुनोत्री

(B) मेवात की पहाड़ी

(C) डागशई की पहाड़ी

(D) मोरनी की पहाड़ी

23. एटम बम का आविष्कार किसने किया ?

(A) ओटो हॅह्न

(B) अल्बर्ट आइनस्टिन

(C) एडिसन

(D) लॉर्ड रूदरफोर्ड

24. निम्न में से कौनसा तारा पृथ्वी के निकटतम है ?

(A) ध्रुव

(B) अल्फा सेंटौरी

(C) सूर्य

(D) सिरियज

25. स्तनधारीयों में मस्तिष्क का सबसे विकसित अंग जिससे आदमी प्रजनन कर सकता है, मशीनों का आविष्कार कर सकता है और भाषा और कला को भी प्रस्तुत कर सकता है

(A) प्रमस्तिष्क (सेरेब्रम)

(B) अनुमस्तिष्क (सेरेबेलम)

(C) मज्जका (मेडूला ओबलाँगटा)

(D) इनमें से कोई नहीं

26. कैलाश सत्यार्थि को 2014 का _____ दिया गया।

(A) साहित्य के लिए नोबल पुरस्कार

(B) शांति के लिए नोबल पुरस्कार

(C) भौतिक शास्त्र के लिए नोबल पुरस्कार

(D) चिकित्सा शास्त्र के लिए नोबल पुरस्कार

27. आगरे का किला किसने बनवाया ?

(A) शाहजहाँ

(B) जहाँगीर

(C) अकबर

(D) हुमायुँ

28. 'म्हारा गाँव-जगमग गाँव' का सम्बन्ध किस विभाग से है ?

(A) स्वास्थ्य विभाग

(B) प्राथमिक शिक्षा

(C) विद्युत प्रसारण

(D) शहरी निकाय

29. महाभारत की लड़ाई कितने दिन लड़ी गई ?

(A) 8

(B) 100

(C) 5

(D) 18

30. ''एडवेंचरज ऑफ शेरलॉक होम्ज'' के लेखक है

(A) आर्थर कॉनन डॉयल

(B) चार्लस् डिकन्ज

(C) शेरलॉक होम्ज

(D) ओलिवर गोल्डस्मिथ

31. गुड़ियानी (रेवाड़ी) के ख्याल गायक कौन थे ?

(A) इन्नायत खाँ

(B) उमराव खाँ

(C) कल्लन खाँ

(D) अचपाल

32. एम. एस. सुब्बलक्ष्मी इसके लिए प्रसिद्ध है

(A) गायक

(B) चित्रकार

(C) गणितज्ञ

(D) समाज सेवक

33. भारत में अत्यधिक सरसों का तेल उत्पादन करने वाला राज्य कौनसा है ?

(A) उत्तर प्रदेश

(B) पंजाब

(C) एम. पी.

(D) राजस्थान

34. आर्य समाज के संस्थापक, आम तौर पर इन्हें माना जाता हैं

(A) स्वामी विवेकानंद

(B) राजा राम मोहन राय

(C) दयानंद सरस्वती

(D) बंकिम चन्द्र चटर्जी

35. आदर्श गाँव योजना के लिए हरियाणा के कितने सांसदो ने गाँव गोद लिए ?

(A) 9

(B) 15

(C) 5

(D) 14

36. यदि "–", "÷" को दर्शाता है, "+", "×" को दर्शाता है, "÷", "–" को दर्शाता है और "×", "+" को दर्शाता है तो,

$52 \div 4 + 5 \times 8 - 2 = ?$

(A) 30

(B) 26

(C) –7

(D) 36

37. 'बाराबाट होना' हरियाणवी मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(A) नष्ट होना

(B) मौज में रहना

(C) धन बाँटना

(D) मोल भाव करना

38. रेखा कहती है "वह मेरे बहन के भाई के पिता का इकलौता बेटा है"। वह रेखा से क्या संबंध रखता है ?

(A) पिता

(B) भाई

(C) चाचा

(D) चचेरा भाई

39. अंग्रेजी शब्दकोश में निम्न शब्दों को सही क्रम से सजाइए।

1. Caricature
2. Cardinal
3. Carnivore
4. Cartoon
5. Category

(A) 1, 2, 3, 4, 5

(B) 2, 1, 3, 4, 5

(C) 2, 1, 3, 5, 4

(D) 4, 5, 1, 3, 2

40. 50 की श्रेणी में राजू का नंबर 28 वां है। सुरेश राजू से 15 नंबर ऊपर है। सुरेश का नीचे से कितना नंबर है ?

(A) 39

(B) 37

(C) 38

(D) 35

41. दिनकर ने ₹ 21,250 की राशि 6 साल के लिए निवेश की। किस सरल ब्याज दर से उसे 6 साल के अंत में ₹ 2,63,501 प्राप्त होंगे ?

(A) 6%

(B) 12%

(C) 8%

(D) 4%

42. डबल टोन्ड दूध के लिए पी. एफ. ए. का मानक है

(A) 3.0% फैट और 9.0% एस.एन.एफ.

(B) 3.0% फैट और 8.5% एस.एन.एफ.

(C) 1.5% फैट और 8.5% एस.एन.एफ.

(D) 1.5% फैट और 9.0% एस.एन.एफ.

43. तोशाम में अति प्राचीन हिन्दू मंदिर किस देवता से सम्बन्धित है ?

(A) शिव

(B) विष्णु

(C) ब्रह्मा

(D) पार्वती

44. यदि 32a + 32b = 512 है, तो a और b का औसत क्या है ?

(A) 18

(B) 16

(C) 8

(D) 12

8115 में न्यूनतम कौनसी संख्या मिलाने से आनेवाली संपूर्ण वर्ग संख्या होगी ?

(A) 349

(B) 166

(C) 144

(D) 194

हरियाणा में गावों में अमावस की छुट्टी का सम्बन्ध किससे है ?

(A) बैलों की छुट्टी

(B) गंगा - स्नान

(C) विद्यालय की छुट्टी

(D) उपवास रखना

जब तीन सिक्कों को एक साथ उछाला जाता है तब कितनी सम्भावना होगी की तीनों सिक्कों पर एक जैसा छप्पा दिखाई देगा ?

A) $\frac{1}{3}$

B) $\frac{1}{4}$

C) $\frac{1}{8}$

D) $\frac{1}{12}$

10, 7, 6, 12, 10, 8, 7, 13, 12, 9, 11, 7 माध्यिका (मिडियन) पता कीजिए।

) 10

) 7

) 8

) 9

49. तावडू नगर किस जिले के अन्तर्गत है ?

(A) मेवात

(B) रेवाड़ी

(C) गुड़गाँव

(D) फरीदाबाद

50. निम्न में से किस जानवर में सालाना केव (estrus) चक्र होता है ?

(A) लोमड़ी

(B) गाय

(C) घोडा

(D) कुत्ता

51. बहादुरगढ़ नगर किस राष्ट्रीय राजमार्ग

(A) NH – 2

(B) NH – 1

(C) NH – 10

(D) NH – 22

52. स्क्रीन पर दिखाई देने वाली कमांड क कहते हैं

(A) GUIs

(B) आइकॉन

(C) मेनू

(D) विंडोज

53. चिप इसका ही एक आम नाम है

(A) ट्रांजिस्टर

(B) रेजिस्टर

(C) इंटेग्रेटेड सर्किट

(D) सेमीकंडक्टर

54. निम्न में से कौन वायु प्रदूषक नहीं है ?

(A) सल्फर डाइऑक्साइड

(B) कार्बन डाइऑक्साइड

(C) नैट्रस ऑक्साइड

(D) हाइड्रोकार्बन

55. यमुनानगर के गाँव मुगलवाली में किस नदी की खुदाई का कार्य चल रहा है ?

(A) घग्गर

(B) यमुना

(C) सरस्वती

(D) मारकण्डा

56. महिला थानों का प्रारम्भ किस त्यौहार से शुरु किया गया ?

(A) रक्षाबन्धन

(B) करवा चौथ

(C) भैया दूज

(D) होली

57. सबसे कम उम्र में भारत रत्न पानेवाला पहला खिलाड़ी है

(A) के. कामराज

(B) सानिया मिर्जा

(C) एम. एस. धोनी

(D) सचिन तेंडुलकर

58. सुनहरा रेशा इसे कहा जाता है

(A) सन

(B) कपास

(C) पटसन

(D) नाइलॉन

59. कपिल मुनि का सम्बन्ध हरियाणा के किस न
माना जाता है ?

(A) कलायत

(B) कैथल

(C) करनाल

(D) कुरुक्षेत्र

60. यु.एन.ओ. के सुरक्षा समिति का निम्न में से
स्थायी सदस्य है ?

(A) जर्मनी

(B) फ्रान्स

(C) स्विजरलैंड

(D) इटली

61. पश्चिम में गुजरात से लेकर उत्तर में दिल्ली तक फैली हुई पर्वत श्रेणी को कहते हैं

(A) अरावली

(B) विंध्या

(C) सातपुरा

(D) कैमुर

62. विषम को पहचानिए।

(A) वाशिंग्टन

(B) लंदन

(C) पैरिस

(D) तुर्की

63. योग एवं आयुर्वेद के लिए हरियाणा के ब्रान्ड एम्बेसेंडर कौन है ?

(A) कपिल देव

(B) धर्मेन्द्र

(C) बाबा रामदेव

(D) अमिताभ बच्चन

64. भूकम्पमापी : भूकम्प : : थर्मामीटर : ?

(A) बुखार

(B) डॉक्टर

(C) पारा

(D) तापमान

65. खरीफ़ फसल की कटाई इन महीनों में होती है

(A) जून - जुलै

(B) अक्तूबर - नवंबर

(C) मई - जून

(D) मार्च - अप्रैल

66. 25 दिसम्बर 2014 को किस प्रधानमन्त्री के जन्म दिवस पर सुशासन दिवस मनाया गया ?

(A) अटलबिहारी वाजपेयी

(B) नरेन्द्र मोदी

(C) जवाहरलाल नेहरु

(D) लालबहादुर शास्त्री

67. यदि 'A' को '2' कहते हैं, 'B' को '3', 'C' को '5', 'D' को '8' और इसी प्रकार आगे कहा जाता है। 'F' का सांख्यिक मूल्य क्या है ?

(A) 18

(B) 16

(C) 12

(D) 17

68. श्रीधर नीलम से नाटा है। प्रतिभा श्रीधर से ऊँची है। सुरेश नीलम से ऊँचा है लेकिन हेमा से नाटा है। नीलम प्रतिभा से ऊँची है। उनके ऊँचाई के अनुसार उन्हें खड़ा किया जाता है तो बीच में कौन पाया जायेगा ?

(A) श्रीधर

(B) नीलम

(C) प्रतिभा

(D) सुरेश

69. देश का प्रथम अति आधुनिक आंगनवाड़ी किस स्थान पर स्थित है ?

(A) हसनगढ़ (रोहतक)

(B) हसनपुर (सोनीपत)

(C) नूँह (मेवात)

(D) घरौण्डा (करनाल)

70. चिरोड़ी (जिप्सम) का उपयोग कर किस प्रकार की जमीन खेती योग्य बनाई जा सकती है ?

(A) कछारी

(B) अम्लीय

(C) जलाक्रान्त

(D) अतिरिक्त चिकनी मिट्टी वाली जमीन

71. हरियाणा के किस भाग में सर्वाधिक वर्षा होती है ?

(A) उत्तर पश्चिम

(B) उत्तर पूर्व

(C) दक्षिण पूर्व

(D) दक्षिण पश्चिम

72. $(46)^2$ को a के वर्ग से घटाने से हमे 485 शेष मिलता हैं तो वह संख्या कौनसी है ?

(A) 51

(B) 56

(C) 49

(D) 53

73. लगातार चार सम संख्या A, B, C और D का योग 180 है। अगले लगातार चार सम संख्या के सेट का योग कितना होगा ?

(A) 214

(B) 204

(C) 196

(D) 212

74. लोकनाटक सांग का मंचन किस पर होता था ?

(A) लकड़ी के तख्तों पर

(B) पत्थर के मंच पर

(C) ईंटों से बने मंच पर

(D) चटाई पर

75. निम्न संख्या श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) की जगह कौनसी संख्या होगी ?

3 3 12 108 ? 43200

(A) 2700

(B) 1728

(C) 972

(D) 432

76. फलों को कृत्रिम तरीके से पकाने के लिए उपयोगी आनेवाली गैस है

(A) इथेन

(B) एसिटिलीन

(C) प्रोपेन

(D) मिथेन

77. स्त्री वाणी और पुरुष वाणी को पहचानने की ध्वनी की विशेषता को कहते हैं
  (A) स्वर (पिच)
  (B) अवस्था (फेज)
  (C) गुण
  (D) उच्च स्वर

78. अकबर के समय रेवाड़ी के शासक कौन थे ?
  (A) राव कर्णसिंह
  (B) राव तुलाराम
  (C) फूलसिंह
  (D) हेमचन्द्र

79. ट्रेफिक सिग्नल में लाल प्रकाश का उपयोग होता है, क्योंकि
  (A) रक्त का रंग लाल है
  (B) जानवर लाल रंग पहचान सकते हैं
  (C) लाल रंग में न्यूनतम विक्षेपण होता है
  (D) लाल रंग खतरे की निशानी है

80. जीवों के उनके पर्यावरण के साथ के संबंध का अध्ययन है
  (A) शरीरविज्ञान
  (B) प्राणि विज्ञान
  (C) वनस्पति विज्ञान
  (D) परिस्थिति विज्ञान

81. ऊर्जा देने के उपयोग से पूर्व मानव शरीर में निम्न में से कौन ग्लुकोज में परिवर्तित होता है ?
  (A) प्रोटीन
  (B) विटामिन
  (C) कार्बोहाइड्रेट
  (D) इनमें से कोई नहीं

82. किसी भी तारे की दूरी मापने के लिए कौनसी अच्छी उचित इकाई है ?
  (A) कोलॉंब
  (B) प्रकाश-वर्ष
  (C) नॉटिकल माइल
  (D) एंपियर

83. मोज़रेला पनीर अधिमानत: ________ दूध से बनता है।
  (A) गाय
  (B) भैंस
  (C) बकरी
  (D) ऊँटनी

84. चीनी यात्री ह्वेनसांग का हरियाणा में निवास कब तक रहा ?
  (A) इ.स. 600 – 605
  (B) इ.स. 634 – 644
  (C) इ.स. 505 – 555
  (D) इ.स. 750 – 755

85. सिलिका जेल की छोटी थैली अकसर गोलियाँ व पाउडर के रूप में दवाईयों की बोतलों में देखते हैं क्योंकि सिलिका जेल
  (A) जीवाणुओं को मारता है
  (B) रोगाणु और बीजाणु को मारता है
  (C) नमी को सोख लेता है
  (D) बोतल में स्थित सभी गैसों को सोख लेता है

## English Language

**Directions for 86 and 87** : Choose the correct alternative to fill in the blank.

86. She let her horse ________ in the field.
(A) Loosen (B) Loose
(C) Loosely (D) Lose

87. Some people regard the world as an
(A) Imitation (B) Allusion
(C) Ellusion (D) Illusion

**Directions for 88 and 89** : In the given sentence, identify the part which contains error.

88. This is one (A) / of the companies (B) / who has done (C) / well for the past two years (D).

89. I cannot sanction (A) / such a large sum (B) / without no permission (C) / of the manager (D).

**Directions for 90 and 91** : Choose the alternative which can be substituted for the given words/sentences.

90. A word or practice that has gone out of use
(A) Outdated (B) Absolute
(C) Oppressed (D) Concurrent

91. Estimation of a thing's worth
(A) Pay (B) Goodness
(C) Appraisal (D) Beliefs

92. The antonym of "virtue" is
(A) Value (B) Vice
(C) Anger (D) Fa

93. Correctly spelt word is
(A) Diarrhoea (B) Diarhea
(C) Diarrhia (D) Dyarrohea

## हिन्दी भाषा

निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार उत्तर दिये गये हैं। उनमें से सही उत्तर चुनकर लिखिए।

94. 'नंदनवन' शब्द में ________ मात्रायें है
(A) दो (B) चार
(C) छः (D) पाँच

95. खाली जगह भरो :
हम मैदान में खेल रहे ________।
(A) हैं (B) हूँ
(C) है (D) हो

96. 'भाई' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है
(A) लडकी (B) बेटी
(C) बेटा (D) बहन

97. इनमें शुद्ध वाक्य है
(A) सीता खेलता है।
(B) सीता खेलती है।
(C) सीता खेलते हैं।
(D) सीता खेलता हूँ।

98. इनमें विजातीय शब्द है
(A) कुत्ता (B) घोडा
(C) गाय (D) शेर

99. 'अनुराग' शब्द का विलोम पद है
(A) अतिराग (B) राग
(C) विराग (D) अनराग

100. 'आँख' शब्द का पर्यायवाची शब्द है
(A) आसान (B) नयन
(C) अमर (D) चोर